## GREENLAWNS HIGH SCHOOL
## FINAL EXAMINATION (2024 - 2025)
## SUBJECT : HINDI (II Language)

**Grade: VIII**
**Date : 24/02/25**

**Marks : 80**
**Time : 2 ½ hours**

---

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***
***You will not be allowed to write during the first 10 minutes.***
***This time is to be spent in reading the question paper .***
***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

***This paper comprises of two sections – Section A and Section B***
***Attempt all the questions from section A.***
***Attempt any three questions from section B (from question No. 5,6,7,8 )and question No. 9 is compulsory.***

---

### SECTION 'A' (40 Marks)
*Attempt all questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :- [12]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए :-


(i) आज छात्र जीवन में इंटरनेट की आवश्यकता ।

(ii) हमारे स्वतंत्रता सेनानी ।

(iii) योग भगाए रोग ।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :-
' परिश्रम से ही सफलता है । '

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए : [7]

(i) आप गाँव में स्थित किसी विद्यालय में गए। वहाँ की बुरी स्थिति देखकर उसके सुधार हेतु शिक्षा मंत्री को पत्र लिखिए।

(ii) आपके विद्यालय में हुए अलंकरण समारोह ( Investiture Ceremony) के विषय में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

6 अगस्त 1995 को भारत के महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जन्मे स्वप्निल कुसाले (Swapnil Kusale) ने पेरिस के समर ओलिंपिक 2024 में कांस्य पदक जीत कर देश का नाम ऊँचा किया है। इन्होंने यह पदक पुरुषों के 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन्स प्रतियोगिता में जीती है। उनका जीवन निरंतर प्रयास, अभ्यास एवं मेहनत का जीता जागता उदाहरण है। 14 वर्ष की आयु में उनके पिता ने उन्हें

महाराष्ट्र सरकार के क्रीडा प्रबोधिनी खेल योजना के तहत तैयारी शुरू करवा दी थी। एक वर्ष तक कठिन शारीरिक प्रशिक्षण के बाद उन्हें किसी एक खेल को चुनने का अवसर मिला। तब उन्होंने शूटिंग को चुना।

यह कहना गलत नहीं होगा कि **स्वप्निल** का संबंध कहीं ना कहीं धोनी से भी है। यह सम्बन्ध पारिवारिक, मैत्रिक या सामाजिक नहीं है। अपितु, जीवन के किसी पड़ाव की समानता से है। **स्वप्निल** कुसाले के जीवन का कम से कम एक प्रसंग भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलता जुलता है। महेंद्र सिंह धोनी की तरह ही **स्वप्निल** कुसाले भी भारतीय रेलवे में टिकट कलेक्टर के रूप में कार्यरत थे। 2015 में **स्वप्निल** कुसाले भारतीय रेलवे में टिकट कलेक्टर बने। वे पुणे में कार्यरत थे। इसी नौकरी के वेतन से उन्होंने अपनी पहली राइफल खरीदी थी।

2015 एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में उन्होंने जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह स्वर्ण पदक उन्हें 50 मीटर राइफल प्रोन 3 प्रतियोगिता में प्राप्त हुआ था। उन्होंने भारत के 59वें एवं 61वें राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में भी पदक जीते थे। 2017 में ब्रिस्बेन में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में **स्वप्निल** ने कांस्य पदक जीत कर भारत का मान बढ़ाया था। अंतराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन द्वारा आयोजित 2021 के आई एस एस एफ वर्ल्ड कप में 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। अब **स्वप्निल** के जीत का सिलसिला बन चुका था। अगले वर्ष 2022 में **स्वप्निल** ने फिर से दो बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते। 2022 में हंगजोऊ में हुए एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक घर लाए। वहीं उसी वर्ष 2022 में, काइरो में हुए विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने कांस्य पदक जीत कर देश का मान बढ़ाया।

अक्टूबर 2022 में काइरो हुए विश्व चैंपियनशिप में **स्वप्निल** कुसाले ने भारत के लिए एक ओलिंपिक कोटा बर्थ अर्जित किया। 2024 ओलिंपिक में भारतीय ओलिंपिक टीम में पुरुष 50 मीटर राइफल पोज़िशन्स इवेंट हेतु चुनाव के लिए दिल्ली और भोपाल में ट्रायल हुए। हालांकि, इन ट्रायल में **स्वप्निल** 5वें स्थान पर रह गए। परंतु, पहले तीन ट्रायल के अंक ध्यान में रखते हुए उन्हें दूसरे शूटर के रूप में भारतीय ओलिंपिक टीम में चुन लिया गया। जब पेरिस ओलिंपिक की स्पर्धा शुरू हुई, **स्वप्निल** ने तरकश से अपने तीर निकाले। ओलंपिक 2024 में, **स्वप्निल** पहले भारतीय बने जिन्होंने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस इवेंट के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अंतिम निर्णायक प्रतियोगिता में वे 451.4 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। **स्वप्निल** भारत के पहले ऐसे शूटर है जिन्होंने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा में पदक जीता है।

राइफल थ्री पोज़िशन्स स्पर्धा में शूटरों को तीन पोज़िशन्स में शूटिंग करनी होती है। वे पोजीशंस हैं: नीलिंग, प्रोन एवं स्टैंडिंग। नीलिंग में शूटर घुटनों के बल बैठकर शूट करते हैं। वहीं प्रोन में, जमीन पर लेट कर शूट करते हैं जबकि, स्टैंडिंग में शूटर खड़े होकर शूटिंग करते हैं। ओलिंपिक के फाइनल में राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा के दौरान **स्वप्निल** नीलिंग एवं प्रोन सीरीज के बाद पांचवें स्थान पर थे। अंक तालिका पर उनके अंक 310.1 थे। परंतु, स्टैंडिंग सीरीज में उन्होंने

इसके बाद उन्होंने अपनी यह पोजीशन तीसरे स्थान पर बरकरार रखी। अंततः कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया ।

(i) **स्वप्निल** कुसाले का जन्म कब और कहाँ हुआ ? [2]

(ii) **स्वप्निल** ने अपनी तैयारी कहाँ और कितने वर्ष की आयु में शुरू की ? [2]

(iii) **स्वप्निल** का धोनी से किस प्रकार का संबंध है ? [2]

(iv) 2022 में **स्वप्निल** ने कहाँ व कौन – कौन से पदक जीते ? [2]

(v) राइफल थ्री पोज़िशन्स स्पर्धा में शूटरों को कितनी पोज़िशन्स में शूटिंग करनी होती है ? **स्वप्निल** ने यहाँ कांस्य पदक कैसे जीता ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :-
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) ' मोर ' शब्द का पर्यायवाची बताइए :- [1]
(a) केकी , रजनी
(b) शिखी मवेशी
(c) केकी, पक्षीराज
(d) पक्षीराज, प्रसून

ii) ' माता ' शब्द का पर्यायवाची बताइए :- [1]
(a) वामा, औरत
(b) कनक ,जननी
(c) अंबिका, महिला
(d) जननी, अंबिका

iii) ' उधार ' शब्द का विलोम बताइए :- [1]
(a) नगद
(b) अधम
(c) अनुधार
(d) विराग

iv) ' थकना ' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए :- [1]
(a) थकावट
(b) थकान
(c) थकाना

v) ' फल ' शब्द का विशेषण बताइए :- [1]

(a) फालतू
(b) फलवान
(c) फलित
(d) फलता

vi) ' कानों कान खबर न होना ' मुहावरे का अर्थ बताइए :- [1]

(a) पता चल जाना
(b) भेद खुल जाना
(c) बना बनाया काम बिगड़ जाना
(d) बिल्कुल पता न चलना

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

वह बड़ों का सम्मान करें । ( ' वह ' के स्थान पर ' उसे 'का प्रयोग करें।)

(a) उसे बड़ों का सम्मान करना चाहिए।
(b) उसे बड़ों का सम्मान करना है।
(c) उसे बड़ों का सम्मान करता है।
(d) उसे बड़ों का सम्मान होता है।

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

नेताजी का भाषण सुनकर प्रजा प्रसन्न हुई। ( वचन बदलिए ।)

(a) नेताजी का भाषण सुनकर प्रजागण प्रसन्न हुई। हुए
(b) नेताजी का भाषण सुनकर प्रजाजन प्रसन्न हुई।
(c) नेताजी का भाषण सुनते ही प्रजाजन प्रसन्न हुई।
(d) भाषण सुनकर प्रजागण प्रसन्न हुए।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

वह जल्दी - जल्दी खाने लगे। ( वाक्य शुद्ध कीजिए।)

(a) यह जल्दी - जल्दी खाने लगे।
(b) हम जल्दी - जल्दी खाने लगे।
(c) वे जल्दी - जल्दी खाने लगे।
(d) वे जल्दी - जल्दी खाने लगा।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

दादाजी कोलकाता गए हैं। ( लिंग बदलिए।)

(a) दादीजी कोलकाता गए थे।
(b) दादीजी कोलकाता गई थी।
(c) दादीजी कोलकाता गई हैं।

ix) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए :- [1]

माँ रामायण पढ़ रही है। ( ' द्वारा ' शब्द का प्रयोग कीजिए।)

(a) माँ रामायण पढ़ती है।

(b) माँ द्वारा रामायण पढ़ी जाती है।

(c) माँ द्वारा रामायण पढ़ी जा रही है।

(d) माँ द्वारा रामायण पढ़ाई जाती है।

**SECTION 'B' (40 Marks)**

*Attempt **Four** questions from this Section. Question No. 9 is compulsory.*

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

" एक बार एक बागी गुलामी और एक बादशाह के बीच बातचीत हुई। यह गुलाम कैदी दिल से आज़ाद था। "

(i) बादशाह की धमकी पर बागी गुलाम ने क्या कहा ? [2]

(ii) एक सच्चे वीर में कौन - कौन से गुण होते हैं ? [2]

(iii) वीरों को लेखक ने किस वृक्ष के समान माना है और क्यों ? [3]

(iv) आप किस क्षेत्र में वीरता हासिल करना चाहते हैं ? अपनी योजना को समझाइए। [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

" रामू की बहू ने तय कर लिया कि या तो वही घर में रहेगी या फिर कबरी बिल्ली ही, मोर्चाबंदी हो गई, और दोनों सतर्क। "

(i) रामू की बहू की नाक में दम किसने और कैसे किया ? [2]

(ii) क्रोध में आकर रामू की बहू ने क्या निश्चय किया ? समझकर लिखिए। [2]

(iii) रामू की बहू ने बिल्ली पर क्या पटका ? बिल्ली की हत्या के पाप से मुक्ति के लिए पंडित परमसुख ने क्या उपाय बताया ? [3]

(iv) प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

'बुझा दीप झाँसी का तब डलहौज़ी मन में हरषाया,
राज्य हड़प करने का उसने यह अच्छा अवसर पाया।
फ़ौरन फ़ौजे भेज दुर्ग पर अपना झंडा फहराया,
लावारिस का वारिस बनकर ब्रिटिश राज्य झाँसी आया।
अश्रुपूर्ण रानी ने देखा, झाँसी हुई विरानी थी।
बुंदेलों हरबोलों के मुँह, हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झाँसीवाली रानी थी।

i) डलहौज़ी क्यों प्रसन्न हुआ था ? [2]

ii) अश्रुपूर्ण रानी ने क्या देखा ? इसके बाद उन्होंने क्या निर्णय लिया? [2]

iii) रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान से हमें क्या प्रेरणा मिलती है। आप अपने देश के लिए क्या - क्या करेंगे ? समझाकर लिखिए। [3]

vi) शब्दार्थ लिखिए - [3]

i) फौरन ii) अश्रुपूर्ण iii) वारिस iv) दीप v) हरषाया vi) दुर्ग

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

जीवन अपूर्ण लिए हुए,
पाता कभी, खोता कभी
आशा - निराशा से घिरा,
हँसता कभी, रोता कभी।
गति - मति न हो अवरुद्ध, इसका ध्यान आठों याम है।
चलना हमारा काम है।

i) कवि ने जीवन को अपूर्ण क्यों बताया है ? [2]

ii) 'गति - मति न हो अवरुद्ध', से कवि का क्या तात्पर्य है ? [2]

iii) ' चलना हमारा काम ' कविता का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए। [3]

iv) शब्दार्थ लिखिए -

i) गति ii) मति iii) अवरुद्ध iv) याम v) अपूर्ण vi) निराशा [3]

**Question 9**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( महाभारत )

i) धृतराष्ट्र की कमज़ोरी क्या थी ? [2]

ii) पांडु को किससे शाप मिला और क्यों ? [2]

iii) दुर्वासा ऋषि कुंती से क्यों प्रसन्न थे ? उन्होंने प्रसन्न होकर उसे क्या वरदान दिया ? [3]

iv) विदुर का जन्म कैसे हुआ ? उन्हें धृतराष्ट्र का प्रधानमंत्री क्यों नियुक्त किया गया ? [3]